**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 08 सितम्बर 2024, समय 1305 (05 मिनट)**

हरियाणा में आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए 10 करोड़ 87 लाख रुपये की अवैध शराब, मादक पदार्थ, नकद राशि व कीमती वस्तुएं ज़ब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा चुनाव में सुरक्षा एजेंसियां लगातार कड़ी निगरानी रख रही हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचाने के लिए आयोग पूरी तरह सख्त है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना के लिए पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग व स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, तस्करों पर लगातार नज़र रख हुए हैं। एजेंसियों द्वारा कुल 5 करोड़ 59 लाख रुपये की कीमत की 2 लाख 4 हज़ार 688 लीटर से अधिक अवैध शराब पकड़ी गई है और कुल 12 किलोग्राम,76 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत 4 करोड़,2 लाख रुपये से अधिक है। इसके अतिरिक्त, राज्य पुलिस ने एक करोड,15 लाख रूपये मूल्य की 9 हज़ार,591 बहुमूल्य वस्तुए ज़ब्त की हैं।

*************************************************************

भिवानी में कल आम आदमी पार्टी द्वारा महिला महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की धर्मपत्नी महिलाओं से रूबरू हुई तथा उन्हें पार्टी की नीतियां बताई। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि महिला महासम्मेलन पूरी तरह से सफल रहा। जेजेपी व इनेलो को लेकर उन्होंने कहा कि इन पार्टियों का हरियाणा में कोई जनाधार नहीं है और बिना जनाधार के राजनीतिक दलों का कोई भविष्य नहीं। अनुराग ढांडा ने आम आदमी

पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन को लेकर कहा कि यह हाई कमान तय करेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा की सभी 90 विधानसभाओं में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मजबूत है। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी एक-दो दिनों में पार्टी द्वारा अपने उम्मीदवार भी घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बी.जे.पी व कांग्रेस के बाद अब आम आदमी पार्टी हरियाणा में तीसरा विकल्प है।

*************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य देवेंद्र चावला ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफ़ा दे दिया है। वह टिकट न मिलने को लेकर नाराज़ हैं। वहीं सोनीपत से बी.जी.पी नेता राजीव जैन और कविता जैन भी टिकट न मिलने से ख़फ़ा हैं। राजीव जैन आज सोनीपत में अपने समर्थकों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय करेंगे। उधर, हरियाणा के कालांवाली हल्के से पूर्व विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता बलकौर सिंह कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। उन्होंने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदय भान और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। टिकट न मिलने से नाराज़ बलकौर सिंह ने भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफ़ा दे दिया था।

*************************************************************

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया के तीसरे दिन कल फरीदाबाद ज़िले के पृथला और बल्लभगढ़ विधानसभा हलके से एक-एक निर्दलीय उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि पृथला विधानसभा क्षेत्र से राहुल और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से दीपक यादव ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन भरा।

*************************************************************

पलवल में विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस बल ने उप पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार के नेतृत्व में शहरी  क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। उच्च पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि चुनाव घोषणा उपरांत हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। जिला पलवल में विधानसभा चुनाव को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला पुलिस टीमों ने थाना शहर एरिया में ओल्ड जीटी रोड, सेक्टर-2, श्याम नगर पंचवटी कॉलोनी, अगवानपुर, आलापुर व पातली में फ्लैग मार्च निकाला है। उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता व अपने विवेक के साथ व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी मतदान केन्द्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहें हैं। जिला पुलिस के खुफिया विभाग द्वारा संदिग्ध किस्म के लोगों पर तथा सोशल मीडिया पर पूरी निगरानी रखी जा रही है।

*****************************************************************

पलवल जिला में विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रैली व अन्य गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव सिहोल, टीकरी ब्राह्मण व कारना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और पलवल की रेलवे कॉलोनी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में मतदाता जागरूकता विषय पर पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदान को लेकर संकल्प भी दिलवाया गया। इस अवसर पर आयोजकों और अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों

को बताया गया कि एक-एक वोट बेहद कीमती होती है, इसका सदुपयोग करके लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की जा सकती है।

**************************************************************

पलवल पुलिस ने 3 अलग-अलग मामलों में करीब एक लाख रुपए की कीमत की अवैध शराब सहित 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है।अपराध शाखा होडल के प्रभारी रविंदर कुमार ने बताया कि उजीना ड्रेन राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर नाकाबंदी कर अवैध देसी शराब की 29 पेटी सहित आरोपी गांव भिड़ूकी निवासी भूपेंद्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ लूट, मारपीट, अवैध हथियार रखने तथा शराब तस्करी के चार अन्य मामले भी दर्ज पाए गए हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसी प्रकार दूसरे मामले में कैंप थाना पुलिस ने पलवल में जवाहर नगर निवासी मोनू को अंग्रेजी शराब की 13 बोतल सहित काबू किया। वहीं तीसरे मामले में थाना सदर पुलिस टीम ने अटोंहा निवासी आरोपी जसवंत को 60 पव्वा देशी शराब मस्ताना सहित काबू किया। उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**************************************************************